संख्या-6/5680/9-1-2013-86मेला/2012

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
इलाहाबाद।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 04 दिसम्बर, 2013

विषयः रिट याचिका संख्या-38057/2012 मुदित बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.08.2012 के समादर हेतु धनावटंन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-851/पन्द्रह-मा0मे0 (2013-14) दिनांक 25.10.2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.08.2012 के समादर हेतु धनराशि रू0-15,35,203/- के आवंटन का अनुरोध किया गया है।

2. अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेसर्स त्रिवेणी इन्टरप्राइजेज प्रो0 मुदित को वित्तीय वर्ष 2011-12 के लम्बित देयकों के भुगतान हेतु धनराशि रू0-15,35,203/- (रूपये पन्द्रह लाख पैंतिस हजार दो सौ तीन मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय एतद्द्वारा निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

(1) उक्त धनराशि जिस मद हेतु स्वीकृत की जा रही है, उसी मद में उसी सीमा तक व्यय की जायेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 एवं शासन को समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जायेगा।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के अनुदान संख्या-37 के लेखा शीर्षक-2053-जिला प्रशासन-094-अन्य स्थापनायें-03-माघ मेला अधिष्ठान-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4. उक्त आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1- 640/दस-2013-231/2013, दिनांक 28 मार्च, 2013 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

http://shashnadesh.up.nic.in

संख्या-6/5680(1)/9-1-2013-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, इलाहाबाद।
3. प्रभारी अधिकारी, माघ मेला, इलाहाबाद।
4. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
5. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0 इलाहाबाद।
6. अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-4(कु0मे0) लोक निर्माण विभाग, इलाहाबाद।
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
8. सुपर वेब यूजर्स/कम्प्यूटर सेल, नगर विकास विभाग को एलाटमेंट/ विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. मेसर्स त्रिवेणी इन्टरप्राइजेज प्रो0 मुदित इलाहाबाद।
10. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(राजेश बहादुर)
अनु सचिव।

http://shashnadesh.up.nic.in